# इनकम टैक्स ऑफिसर होने का झांसा देकर लिया लाखों का दहेज

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 17 जनवरी.** वर पक्ष द्वारा झूठ बोलकर शादी कर लड़की वालों से लाखों रुपए का दहेज बंटोर लिया गया। जिन्होंने लड़के के इनकम टैक्स ऑफिसर होने का झांसा दिया था। हकीकत सामने आने पर पीड़ित युवती ने

**हकीकत सामने आने पर पीड़िता ने दर्ज करवाई एफआईआर**

महिला थाने पहुंचकर इसकी शिकायत की। जहां पुलिस ने विवेचना उपरांत चार आरोपियों के खिलाफ प्रकरण पंजीबद्ध कर लिया है। महलगांव निवासी छोटेलाल शर्मा की बिटिया मानसी शर्मा (28) ने महिला थाने में शिकायत की है, कि उसका विवाह 21 अप्रैल 2024 को हरिहर नगर में रहने वाले राधेश्याम अवस्थी के बेटे महावीर अवस्थी के साथ हुआ है। शादी के पूर्व लड़के वालों ने महावीर को इनकम टैक्स ऑफिसर बताते हुए कोलकाता में पोस्टेड होना बताया था। उनकी बातों पर भरोसा कर मेरे परिजनों द्वारा करीब 40 लाख रुपए का दहेज देकर मेरा विवाह कर दिया। शादी के कुछ दिन बाद ही पति छुट्टी खत्म होने की कहकर जॉब पर जाने की कहकर चला गया। उसके जाते ही सास सुनीता अवस्थी, ससुर राधेश्याम अवस्थी एवं देवर विशाल अवस्थी द्वारा कम दहेज लाने को लेकर तानाकशी करने लगे। जो मायके से और 70 लाख रुपए कैश व कार लाने का प्रेशर बनाने लगे। जो कहते थे कि अगर हमारी डिमांड पूरी नहीं की, तो तुम्हें जान से खत्म कर देंगे।

### रिश्तेदारों से बातचीत करने पर पता लगी सच्चाई

ससुराल में दुख झेल रही मानसी ने पिता को अपनी स्थिति बताई, तो उन्होंने वर पक्ष से जुड़े रिश्तेदारों से बातचीत की। जिनके जरिए पता लगा कि महावीर कोई इनकम टैक्स ऑफिसर नहीं है। सच्चाई सामने आने पर पीड़िता ने महिला थाने पहुंचकर शिकायत की। जहां पुलिस ने मामले की विवेचना उपरांत राधेश्याम अवस्थी, महावीर अवस्थी, सुनीता अवस्थी व विशाल अवस्थी को आरोपी बनाते हुए उनके खिलाफ बीएनएस की धारा 319(2), 318(4), 85, 351(3) व 3 (5) के तहत एफआईआर दर्ज कर कर ली है। है। फिलहाल सभी आरोपी फरार बताए गए हैं, जिनकी पुलिस द्वारा तलाश की जा रही है।

**पति ने भी परिजनों की डिमांड का किया समर्थन-** मानसी के मुताबिक ससुरालियों द्वारा दहेज की डिमांड एवं धमकी दिए जाने की बात मैंने अपने पति को कॉल करके बताई, तो वह कहने लगा कि तुम्हारी शादी एक इनकम टैक्स ऑफिसर के साथ हुई है। अतः मायके वालों से बोलकर 70 लाख रुपए कैश एवं कार तो लाना ही होगा।

### कॉल करने पर पति कर लेता मोबाइल स्विच ऑफ

पीड़िता के मुताबिक जब वह पति को कॉल करती, तो वह उसका कॉल रिसीव नहीं करता, बल्कि अपना मोबाइल ही स्विच ऑफ कर लेता था। जबकि ससुराल वाले उस पर मायके से दहेज लाने की डिमांड को लेकर हर रोज उसे तंग कर रहे थे। ऐसे में उसका वहां जीना ही दुष्वार हो गया।

### इनका कहना है

नवविवाहिता ने ससुराल वालों द्वारा झूठ बोलकर शादी करने एवं काफी दहेज लेने के बावजूद और कैश व कार की डिमांड किए जाने की शिकायत की थी। मामले की जांच उपरांत पति सहित चार आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। आरोपियों को जल्द अरेस्ट किया जाएगा।

**रश्मि भदौरिया, महिला थाना प्रभारी**

# छात्रा को फेल करने की धमकी देकर किया रेप का प्रयास

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 17 जनवरी.** शिक्षक द्वारा फेल करने की धमकी देते हुए 13 वर्षीय मासूम छात्रा के साथ रेप का प्रयास किए जाने का सनसनीखेज मामला प्रकाश में

**पिछोर थाना क्षेत्र की घटना, आरोपी शिक्षक गिरफ्तार**

आया है। घटना पिछोर इलाके की है, जिसमें पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने के उपरांत तत्परता दिखाते हुए उसे गिरफ्तार कर लिया है। पिछोर इलाके में रहने वाली 13 वर्षीय छात्रा ने अपने माता- पिता के साथ पिछोर थाने पहुंचकर शिकायत की, कि वह शासकीय स्कूल में पढ़ती है। जिसके प्रधानाध्यापक राजेंद्र कुशवाह द्वारा उसे लंबे समय से तंग किया जा रहा है। जो अक्सर उसे बेड टच करते रहते हैं। यदि वह उनसे दूरी बनाने का प्रयास करती है, तो शिक्षक उसे फेल करने की धमकीदेते हैं। उनका कहना रहता है कि मेरी बात मानोगी, तो बिना पढ़ाई किए भी अच्छे मार्क्स से पास हो जाओगी।

### आरोपी को पहुंचाया जेल

महिला थाने से केस डायरी आने पर पिछोर थाना प्रभारी शिवम राजावत ने आरोपी के खिलाफ पॉक्सो एक्ट के तहत एफआईआर दर्ज करने के उपरांत तत्परता दिखाते हुए चंद घंटों के भीतर उसे गिरफ्तार कर लिया है पुलिस द्वारा पकड़े गए आरोपी को न्यायालय में प्रस्तुत कर जेल पहुंचा दिया गया।

### हरकतें बढ़ीं तो परिजनों को बताया

छात्रा पहले तो शिक्षक की बात मानती रही, लेकिन दिनोंदिन शिक्षक की हरकतें बढ़ती जा रही हैं। जिससे उसे स्कूल जाने में डर लगने लगा है। ऐसे में परिजनों द्वारा की गई पूछताछ के दौरान उसने हिम्मत जुटाकर उन्हें पूरा घटना बता दी। शिक्षक की करतूत जानकर परिजन भी हैरान रह गए, जो तुरंत बिटिया को अपने साथ पिछोर थाने लेकर पहुंचे। जहां महिला पुलिस अधिकारी नहीं होने के कारण उन्हें महिला थाने पहुंचा दिया गया। महिला थाने में पीड़िता की शिकायत पर शून्य पर कायमी कर केस डायरी पिछोर थाना पहुंचाई गई।

# पुलिस को देख घबराया युवक, तलाशी ली तो मिली अवैध शराब

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 17 जनवरी.** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक धर्मवीर सिंह के निर्देश पर अवैध शराब बेचने वालों पर पुलिस लगातार कार्रवाई कर रही है। बीते रोज महाराजपुरा थाना पुलिस की चेकिंग देखकर सकपकाए युवक तो उसे पकड़ लिया। युवक की तलाशी ली तो उसके पास से देशी शराब के 22 क्वार्टर जब्त किए। वहीं दूसरी कार्रवाई माधौगंज पुलिस ने की और अवैध शराब बेचने वाले से 23 क्वार्टर जब्त किए। महाराजपुरा थाना टीआई यशवंत गोयल ने बताया कि पुलिस की रुटीन चेकिंग चल रही थी। उसी समय भिंड की तरफ से एक युवक पैदल आता हुआ नजर आया।

**महाराजपुरा पुलिस और माधौगंज थाना थाना प्रभारी दिव्या तिवारी ने की कार्रवाई, 45 क्वार्टर किए जब्त**

युवक पुलिस को देखकर सकपकाया और भागने की कोशिश की।

चेकिंग कर रहे प्रधान आरक्षक विमल सिंह तोमर ने भागने की कोशिश कर रहे युवक को पकड़ लिया और उसकी तलाशी ली तो 22 क्वार्टर देशी शराब के जब्त किए। पकड़ी गई शराब की कीमत 1300 रुपए बताई गई है। दूसरी तरफ माधौगंज वालों पर दूसरे दिन भी शिकंजा कसा पुलिस ने जब आरोपी मोनू परिहार पुत्र मुन्ना सिंह परिहार निवासी डांग वाले बाबा के पास की तलाशी ली तो उसके पास से 23 क्वार्टर जब्त किए। शराब की कीमत करीब 1400 रुपए है। माधौगंज थाना प्रभारी दिव्या तिवारी ने बताया कि क्षेत्र में अवैध शराब का विक्रय किसी भी सूरत में नहीं होने दिया जाएगा।

## दांव लगाते 8 दबोचे, 11 हजार रुपये जब्त

**ग्वालियर 17 जनवरी.** चीनौर रोड पर पंक्चर बनाने की दुकान के पीछे एक मकान में जुआ खेल रहे लोगों को पुलिस ने पकड़ लिया। जुआरियों के पास से 11 हजार रुपए से अधिक मिले हैं, जिन्हें पुलिस ने जब्त कर लिया। कार्रवाई डबरा देहात थाना पुलिस ने शुक्रवार रात 11 बजे की। डबरा देहात थाने के टीआई सुधाकर सिंह तोमर ने बताया सूचना मिली थी कि चीनौर रोड पर एक दुकान के पीछे बने मकान में जुआ खेला जा रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस ने वहां दबिश दी और जुआ खेल रहे सुनील शिवहरे, हरिओम शिवहरे, उमेश नामदेव, मनोज जैन, राजू जैन, राकेश गुप्ता, लल्ले जैन तथा विक्की जैन को पकड़ लिया।

# दिन की सर्दी हुई उड़न छू, गर्मी का अहसास करा रही तेज धूप

नवभारत न्यूज



**ग्वालियर 17 जनवरी.** ग्वालियर में खिल रही तेज धूप दिन में गर्मी का अहसास करा रही है। धूप इतनी तेज है कि इसमें बैठना मुश्किल हो रहा है। जबकि कमरों में ठंड का अहसास हो रहा है। दिन में लोगों ने अब स्वेटर तक उतार दिए हैं। ग्वालियर का न्यूनतम तापमान 8.2 डिग्री दर्ज किया गया जो कि सामान्य से 0.7 डिग्री अधिक है, जबकि अधिकतम तापमान 27.4 डिग्री दर्ज किया गया जो कि सामान्य से 5.8 डिग्री अधिक है। ऐसा मौसम देखकर लोग अब कहने लगे हैं कि इस बार सर्दी का क्या हो गया है। ग्वालियर में इस साल सर्दी अपना असर नहीं दिखा रही है, इसका कारण पश्चिमी विक्षोभ का कमजोर होना एवं बेहद कम आना माना जा रहा है। पश्चिमी विक्षोभ से शहर में सर्दी बढ़ती है, अमूमन ग्वालियर में न्यूनतम तापमान सर्दी के मौसम में 1 अथवा 2 डिग्री तक पहुंच जाता है, जिससे कड़कड़ाने वाली ठंड महसूस होती है। इसके साथ ही चलने वाली शीतलहर शरीर में कंपकंपी पैदा कर देती है, लेकिन इस साल ऐसा कुछ नहीं हुआ है। अधिकांश दिनों में तापमान सामान्य अथवा सामान्य से अधिक ही रहा है। दिन में खिल रही तेज धूप ऐसा अहसास करा रही है जैसे मार्च-अप्रैल के महीने चल रहे हों।

### गर्म कपड़ों की दुकानें सूनीं

दिन में खिल रही तेज धूप और रात 11 बजे के बाद होने वाले हल्के सर्दी के अहसास के कारण इस साल गर्म कपड़ों की मार्केट पूरी तरह से सूनी पड़ी हैं। इक्का-दुक्का ग्राहक ही दुकानों पर पहुंच रहे हैं। रात 9 बजे तक आसानी से लोग बिना दस्ताने पहने दो पहिया वाहन चला रहा हैं। जबकि कार में सफर करने वाले सिंगल स्वेटर पहनकर सफर कर रहे हैं।

### बुझ गई अंगीठी और अलाव

सर्दी कम होने के साथ ही सुबह एवं रात में चलने वाले अलाव और घरों में जल रही अंगीठी भी अब बुझ गई है।

# कांग्रेस विधायक बरैया पर एफआईआर दर्ज हो : भारत सिंह

नवभारत न्यूज



**ग्वालियर 17 जनवरी.** बहन-बेटियों पर कांग्रेस विधायक फूल सिंह बरैया द्वारा दिए गए आपत्तिजनक एवं शर्मनाक बयान पर सांसद भारत सिंह कुशवाह ने कड़ी निंदा करते हुए कहा है कि

**कांग्रेस विधायक के बयान को भाजपा सांसद ने बताया ओछी मानसिकता का प्रतीक**

कांग्रेस विधायक का बयान उनकी विकृत एवं ओछी मानसिकता का प्रतीक साबित होता है। इसलिए इस बयान को लेकर कांग्रेस विधायक पर तत्काल एफआईआर दर्ज होनी चाहिए क्योंकि अपराध करने वाले से अपराध को उकसाने वाला बड़ा होता है। कांग्रेस विधायक के इस बयान से यह सिद्ध हो गया है कि कांग्रेस समाज को बांटने का काम कर रही है। कांग्रेस की इन्हीं हरकतों से आज कांग्रेस प्रदेश ओर देश में विलुप्त की कगार पर है। सांसद कुशवाह ने कहा है कि इस बयान से कांग्रेस का चाल, चरित्र और चेहरा और उनकी बहन -बेटियों के प्रति ओछी मानसिकता उजागर होती है। भाजपा सांसद कुशवाह ने राहुल गांधी से मांग की है कि ऐसे विधायक को तत्काल पार्टी से बाहर करें। साथ ही कांग्रेस विधायक पर एफआईआर दर्ज होनी चाहिए।

# लोकतंत्र सेनानियों के अपमानकर्ताओं को महाराष्ट्र की जनता ने सिखाया सबक

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 17 जनवरी.** मुंबई नगर निगम एशिया की सबसे बड़ी सिविक बॉडी है, जिसका वार्षिक बजट लगभग 74,000 करोड़ है। यह बजट गोवा, अरुणाचल प्रदेश, मणिपुर, मेघालय, मिजोरम, नागालैंड, सिक्किम और त्रिपुरा जैसे कई राज्यों के बजट से भी अधिक है। इतनी विशाल आर्थिक शक्ति के बावजूद मुंबई आज भी बुनियादी समस्याओं से जूझ रही है, तो इसका उत्तरदायित्व किसका है, यह देश जानता है।

आजादी के बाद 77 वर्षों में मुंबई नगर निगम पर कांग्रेस और शिवसेना का ही एकछत्र कब्जा रहा है। इतने लंबे शासन और हजारों करोड़ रुपये के बजट के बावजूद मुंबई को न तो सुरक्षित बनाया जा सका और न ही भ्रष्टाचार से मुक्त। इस लंबे सत्ता-सुख के बाद जब उद्धव ठाकरे के नेतृत्व में शिवसेना-कांग्रेस की सरकार बनी तो उन्होंने सबसे पहला हमला देश में आपातकाल (1975-77) के दौरान संविधान और लोकतंत्र की रक्षा के लिए जेलों में यातनाएं सहने वाले लोकतंत्र सेनानियों की सम्मान राशि को बंद कर दिया गया। आपातकाल के विरुद्ध संघर्ष का अपमान और संविधान की आत्मा को कुचलने का प्रयास था। जो लोग दशकों तक सत्ता, पद और पैसे का उपभोग करते रहे, उन्होंने लोकतंत्र की रक्षा के लिए सब कुछ दांव पर लगाने वाले सेनानियों के सम्मान पर डाका डाला।

यह कृत्य बताता है कि सत्ता में बैठे लोगों की प्राथमिकता क्या थी और राष्ट्र के प्रति उनकी निष्ठा कितनी खोखली है। लोकतंत्र सेनानी किसी दल के नहीं, बल्कि देश की चेतना हैं, उनके सम्मान से खिलवाड़ करने वालों को देश माफ नहीं करेगा और इतिहास उन्हें कठघरे में खड़ा करता रहेगा। लोकतंत्र सेनानी संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष, पूर्व सांसद कैलाश सोनी, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष संतोष शर्मा, राष्ट्रीय सचिव मदन बाथम, तपन भौमिक, राजन ढींगरा, सुरेन्द्र द्धिवेदी, रविन्द्र खासखेड़ीकर, कोमल छेड़ा, अनुपमा लिमये, पूर्व विधायक बाबूलाल मेवरा, मोहन विटवेकर, गुलशन गोगिया राजेन्द्र आर्य आदि ने कहा है कि हम उन सभी सरकारों और जनप्रतिनिधियों को बधाई देते हैं जो लोकतंत्र सेनानियों के सम्मान, अधिकार और स्वाभिमान की पुनर्स्थापना के लिए संकल्पित हैं तथा यह स्पष्ट संदेश देते हैं कि लोकतंत्र सेनानियों का अपमान करने वाली सोच को देश कभी स्वीकार नहीं करेगा।



# दुर्वांकुर लोक कल्याण समिति ने लगाया सेल्फ डिफेंस प्रशिक्षण कैंप

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 17 जनवरी.** दुर्वांकुर लोक कल्याण समिति द्वारा शासकीय माध्यमिक विद्यालय रेशम मिल में सेल्फ डिफेंस प्रशिक्षण का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्र छात्राओं एवं महिलाओं को आत्मरक्षा के गुर सिखाना और उन्हें सुरक्षित महसूस कराना है। इस कार्यक्रम में लाठी, तलवार और कराटे का प्रशिक्षण दिया जाएगा। कार्यक्रम में स्कूल के प्राचार्य एवं समस्त शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित रहे। दुर्वांकुर लोक कल्याण समिति के अध्यक्ष स्मिता नवीन पवार, उपाध्यक्ष सीमा भदौरिया, सचिव शोभा पाठक, सहसचिव आरती दांतरे, मंत्री सुनीता खानविलकर और सहमंत्री शोभा त्रिपाठी भी उपस्थित रहीं। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्रीय पार्षद धर्मेंद्र वर्मा, मनोज दुबे और दुर्वांकुर की सक्रिय सदस्य सीमा समाधिया, कृष्णा भदौरिया, विनीता तोमर उपस्थित रहीं।



# पल्लीवाल महिला मंडल का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 17 जनवरी.** पल्लीवाल महिला मंडल ग्वालियर का शपथ ग्रहण समारोह जैन छात्रावास पर समाजसेवा की शपथ के साथ आयोजित हुआ। वर्षभर के कार्यक्रम को लेकर चर्चा हुई। मनोरंजन, हाउजी गेम खिलाया गया। इस अवसर पर अध्यक्ष शशि जैन, उपाध्यक्ष आरती जैन, सचिव शशि जैन, सहसचिव संगीता जैन, कोषाध्यक्ष मिनी जैन, सह कोषाध्यक्ष राधा जैन, सांस्कृतिक मंत्री शोभना जैन ने शपथ ली। इस अवसर पर पल्लीवाल महिला मंडल ग्वालियर की सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने संकल्प लिया कि पल्लीवाल जैन समाज की महिलाओं को सांस्कृतिक, आर्थिक, शैक्षणिक एवं व्यावसायिक दृष्टि से सशक्त एवं आत्मनिर्भर बनाने के लिए निरंतर प्रयत्नशील रहेंगी।

## राजेश बाबू बने कार्यक्रम प्रभारी

**ग्वालियर 17 जनवरी।** शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सुरेन्द्र यादव ने बताया कि शहर जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा समय-समय पर किए जाने वाले कार्यक्रम, धरने, प्रदर्शन, आंदोलनों सफल क्रियान्व्यन के लिए राजेश बाबू, पूर्व अध्यक्ष, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी गोल पहाड़िया को कार्यक्रम प्रभारी के रूप में मनोनीत किया गया है। शहर जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा समय-समय पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों, धरना-प्रदर्शनों, आंदोलनों एवं अन्य गतिविधियों के सफल आयोजन और क्रियान्वयन की जिम्मेदारी के निर्वहन के लिए राजेश बाबू को कार्यक्रम प्रभारी बनाया गया है। वे कार्यक्रमों की योजना कार्यकर्ताओं की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करेंगे।

# दूषित पानी को लेकर कांग्रेस ने दिया धरना

नवभारत न्यूज



**ग्वालियर 17 जनवरी.** इंदौर में दूषित पानी से हुई 23 लोगों की मौत के विरोध में आज कांग्रेस ने गांधी पार्क में धरना दिया और प्रदर्शन कर इंदौर की घटना के दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की। कांग्रेस जिलाध्यक्ष सुरेन्द्र यादव के नेतृत्व में सैकड़ों कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने गांधी पार्क पर एकत्रित होकर प्रदेश सरकार की नीतियों के विरोध में जमकर नारेबाज की और सरकार पर आरोप लगाया कि सरकार जानबूझकर इंदौर की घटना में दूषित पानी से हुई मौतों का आंकड़ा छिपा रही है तथा दोषियों को बचाने का प्रयास कर रही है। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि प्रदेश सरकार पूरे मामले पर लीपापोती कर रही है जिसे कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

धरने में प्रदेश महासचिव सुनील शर्मा, राहुल शर्मा, संजय सिंह राठौर, आरपी सिंह, महाराज सिंह पटेल, सुग्रीव सिंह कुशवाह, पार्षद किरन धर्मेन्द्र वर्मा, राजेन्द्र सिंह नाती, वीर सिंह तौमर, जेएच जाफरी, उदल सिंह यादव, मेहबूब खां चेनवाले, चतुर्भुज धनोलिया, श्रीमती सीमा समाधिया, भैयालाल भटनागर, अवधेश कौरव, सुधीर मंडेलिया, अशोक सिंह सिंकरवार, इन्द्रजीत सिंह चोहान, पूरन सिंह सिंह कुशवाह, मीनू परिहार, हरेन्द्र गुर्जर, योगेन्द्र सिंह नोनेरा, सतीश मिश्रा, अवनीश गोड, रमेश सिंह राजपूत सहित अनेक कांग्रेसजन सम्मलित थे।

# एड. सैय्यद साजिद अली को राज्यसभा में भेजा जाए : अशरफ खान

नवभारत न्यूज



**ग्वालियर 17 जनवरी.** ग्वालियर कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के जिला अध्यक्ष अशरफ़ खान ने मांग की है कि प्रदेश कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ एवं मुस्लिम दिग्गज नेता एडवोकेट सैय्यद साजिद अली को राज्यसभा में भेजा जाए। ज्ञातव्य है कि दिग्विजय सिंह ने राज्यसभा के अगले कार्यकाल को स्वीकार न करने की घोषणा की है। उनकी रिक्त होने वाली सीट पर कांग्रेस में दावेदारियां उभर रही हैं।

ग्वालियर कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के जिला अध्यक्ष अशरफ़ खान ने कहा कि साजिद अली स्व. राजीव गांधी के दौर से ही सक्रिय रूप से पार्टी में दायित्वों का निर्वाहन कर रहे हैं। साजिद अली ने समूचे प्रदेश में मुस्लिम समाज को एकजुट कर कांग्रेस पार्टी को मजबूती देने का काम किया है साजिद अली ने अपने जीवन के महत्वपूर्ण 50 वर्ष कांग्रेस पार्टी को समर्पित किए हैं.

# प्रदेश को एक भरोसेमंद, नीति-स्थिर और दीर्घकालिक निवेश गंतव्य बनायेंगे : राकेश शुक्ला

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 17 जनवरी.** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में मध्यप्रदेश एक बार फिर वैश्विक निवेश केंद्र वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम 2026 के मंच पर अपनी सशक्त उपस्थिति दर्ज कराने जा रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव के नेतृत्व में दावोस जा रहे मध्यप्रदेश के दल में प्रदेश के नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा मंत्री राकेश शुक्ला भी शामिल हैं। साथ ही राज्य शासन के वरिष्ठ अधिकारी भी दावोस जायेंगे। नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा मंत्री राकेश शुक्ला ने बताया कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में राज्य का प्रतिनिधि मंडल 19 से 21 जनवरी तक दावोस के भ्रमण पर रहेगा।

मंत्री राकेश शुक्ला ने आज विदेश रवाना होने से पहले थाटीपुर स्थित अपने शासकीय आवास पर पत्रकारों से चर्चा में कहा कि दावोस दौरे के माध्यम से मध्यप्रदेश मैन्युफैक्चरिंग, रिन्यूएबल एनर्जी, लॉजिस्टिक्स, टेक्सटाइल, रसायन उद्योग और फूड प्रोसेसिंग जैसे क्षेत्रों में वैश्विक उद्योग जगत से संवाद कर उन्हें निवेश के लिये म.प्र. आमंत्रित किया जायेगा। निवेश, उद्योग और रोजगार सृजन को राज्य की विकास नीति का केंद्र बनाते हुए मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बीते एक वर्ष में देश-विदेश में निरंतर निवेश संवाद किया है। इस वर्ष वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम की थीम 'संवाद की भावना' रखी गई है, जो सहयोग और साझेदारी पर आधारित विकास मॉडल को रेखांकित करती है। इसी भावना के अनुरूप मध्यप्रदेश अपनी सहभागिता के साथ दावोस में निवेश-केंद्रित संवाद, नीति प्रस्तुतिकरण और रणनीतिक साझेदारियों पर फोकस करेगा। लगभग पाँच वर्षों बाद राज्य सरकार की औपचारिक भागीदारी को वैश्विक मंच पर मध्यप्रदेश की नई आर्थिक ऊर्जा और प्रशासनिक तत्परता के संकेत के रूप में देखा जा रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव के नेतृत्व में राज्य सरकार ने निवेश नीतियों को सरल, पारदर्शी और उद्योग-अनुकूल बनाया है। ईज़ ऑफ डूइंग बिज़नेस, त्वरित निर्णय प्रणाली और भूमि-आवंटन की सरल प्रक्रिया को दावोस में वैश्विक निवेशकों के समक्ष प्रमुखता से रखा जाएगा। राज्य का उद्देश्य केवल निवेश प्रस्ताव प्राप्त करना नहीं, बल्कि दीर्घकालिक और भरोसेमंद साझेदारी विकसित करना है। दावोस में मध्यप्रदेश की सहभागिता के दौरान एमपीआईडीसी के वरिष्ठ अधिकारी, उद्योग प्रतिनिधि, पर्यटन विभाग और नीति सलाहकार सक्रिय रूप से वन-टू-वन मीटिंग्स, सेक्टोरल राउंडटेबल्स और कॉर्पोरेट सत्रों में भाग लेंगे। प्रेस कॉन्फ्रेंस में भाजपा अध्यक्ष जेपी राजौरिया भी मौजूद थे.



स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा. लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा. लि. के लिये मुद्रक, प्रकाशक आशीष श्रोती द्वारा सिटी सेंटर, ग्वालियर से प्रकाशित एवं नवभारत प्रेस भोपाल प्रा.लि., सिटी सेंटर से मुद्रित. संपादक हरीश दुबे* समाचार संपादक- अनिल शर्मा, फोन-0751-4086200, फैक्स- 2343200 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत जिम्मेदार डाक पंजीयन क्रमांक 507/2008/ग्वा. RNI Reg. No. 62237/95